उत्तर प्रदेश सीमेंट निगम, सोनभद्र में उत्पादन

776: **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय उत्तर प्रदेश सीमेंट निगम सोनभद्र की कितनी इकाइयां काम कर रही है ;

(ख) प्रतिवर्ष इसमें कितने टन सीमेंट का उत्पादन होता है और इसमें कितने कर्मचारी काम कर रहे हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि इस संस्थान को गैर-सरकारी क्षेत्र को बेचे जाने के लिए कार्यवाही चल रही है ;

(घ) क्या यह भी सच है कि इस सरकारी उपक्रम को बिरला या मोदी ग्रुप के लोगों को बेचने के लिए बातचीत चल रही है ;

(ङ) क्या सरकार ने इस कारखाने को भारतीय सीमेंट निगम के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत लाने के लिए कोई पहल की है ; और

(च) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

उद्योग मंत्री (श्री अजीत सिंह): **विवरण :**

(क) उत्तर प्रदेश सीमेंट लि० सोनभद्र के मिर्जापुर जिले में चर्क, डाल्ला एवं चुनार में तीन सीमेंट एकक हैं जिनकी लाइसेंसप्राप्त क्षमता क्रमश: 4.75, 4.32 और 16.80 लाख मी. टन वार्षिक है ।

(ख) वर्ष 1987-88, 1988-89 और 1989-90 के दौरान उनके एककों का सीमेंट उत्पादन इस प्रकार रहा :—

सीमेंट उत्पादन (रुपये लाख में)

वर्ष	चुनार	चर्क	डाल्ला	कुल योग
1987-88	10.25	0.97	0.29	11.51
1988-89	9.60	0.85	0.89	11.34
1989-90	9.00	0.12	0.08	9.20

निगम में कुल 4515 कर्मचारी कार्य कर रहे हैं ।

(ग) और (घ) उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने सूचित किया है कि उसने निगम को सहायता प्राप्त/संयुक्त क्षेत्र में परिवर्तित करके इसके प्रबन्ध को सुदृढ़ बनाने का निर्णय किया है ।

(ङ) जी, नहीं ।

(च) ऊपर (क) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

मध्य प्रदेश में गोबर गैस बायो गैस संयंत्र

777. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया :** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 30 जून, 1990 की स्थिति के अनुसार मध्य प्रदेश के ऐसे गांवों की संख्या कितनी है जहां ऊर्जा के गैर-परम्परागत स्रोत विकसित करने के लिए गोबर गैस या बायो गैस संयंत्र स्थापित कर दिए गए हैं ;

(ख) सफलतापूर्वक चल रहे संयंत्रों की संख्या कितनी है ; और